आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 26.10.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल वर्चुअली एम्स ऋषिकेश में देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे।
- केदारनाथ विधानसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत पांच प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।
- प्रदेश में सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सर्विलांस, तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी।
- और, राज्य सरकार ने शहरी निकायों में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को जीवन बीमा के रूप में मिलने वाली धनराशि को बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया।

एयर एम्बुलेंस ऋषिकेश

उत्तराखंड में 108 एंबुलेंस सेवा की तर्ज पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स ऋषिकेश देश में पहली हेली एंबुलेंस सेवा शुरू करने जा रहा है। इस सेवा के शुरू होने से प्रदेश के किसी भी क्षेत्र से अति गंभीर रूप से घायल को हेली एंबुलेंस की मदद से एम्स ऋषिकेश में शीघ्र पहुंचाया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा वर्चुअल माध्यम से कल हेली एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि यह देश की पहली हेली एंबुलेंस सेवा होगी। संजीवनी योजना के अतंर्गत संचालित यह सेवा निःशुल्क होगी। एम्स ऋषिकेश के उप निदेशक (प्रशासन) लेफ्टिनेंट कर्नल अमित पराशर ने बताया कि हेली एम्बुलेंस सेवा पूरे उत्तराखंड में उपलब्ध रहेगी। प्रदेश से सटे यूपी के कुछ इलाकों में भी हेली ऐंबुलेंस का लाभ लिया जा सकेगा।

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने आज अपना नामंकन कर दिया है। भाजपा की ओर से आशा नौटियाल ने आज अपना नामंकन भरा। कांग्रेस की ओर से मनोज रावत ने अपना पर्चा भरा। उत्तराखण्ड क्रांति दल से डॉक्टर आशुतोष नेगी ने नामंकन किया। जबकि त्रिभुवन चौहान और प्रदीप रोशन खड़िया ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दर्ज किया। अब तक कुल पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। कल नामंकन का अंतिम दिन है।

मिसिंग लिंक फंड

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अनुमोदित प्रस्तावों पर शासनादेश जारी करने में देरी होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बजट जारी कर अधूरी योजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा है। साथ ही मिसिंग लिंक फंड के तहत जिन विभागों में प्रस्ताव लंबित हैं उन्हें शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सचिवालय में आज मुख्य सचिव मिसिंग लिंक से पोषित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मिसिंग लिंक से फंडिंग करने पर सहमति बनी। मुख्य सचिव ने वित्त सचिव को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए ताकि बजट जारी कर अधूरी योजनाओं को पूरा किया जा सके।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाया जा रहा है। इस सप्ताह का विषय है– राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति। एक रिपोर्ट–

सतर्कता अधिष्ठान

प्रदेश में सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सर्विलांस, तकनीकी और वित्तीय विशेषज्ञों की एक टीम गठित की जाएगी। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की है। देहरादून में सतर्कता अधिष्ठान निदेशालय द्वारा 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति विकसित करने के लिए सभी को सत्य, ईमानदारी, नैतिकता और पारदर्शिता के साथ काम करना जरूरी है। उन्होंने सतर्कता अधिष्ठान में ऐसे अधिकारियों को शामिल करने पर जोर दिया, जिन्हें इस क्षेत्र में विशेषज्ञता हो। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सतर्कता अधिष्ठान में सराहनीय कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। निदेशक सतर्कता वी. मुरूगेशन ने बताया कि 2022 में टोल–फ्री नम्बर 1064 भी जारी होने के बाद इस पर अब तक सात हजार आठ सौ शिकायतें दर्ज की गई हैं।

धनराशि बढोतरी

राज्य सरकार ने शहरी निकायों में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को जीवन बीमा के रूप में मिलने वाली दो लाख रुपए की धनराशि को बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दिया है। शहरी विकास मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के तहत प्रदेश के शहरी निकायों में लगभग साढे छह हजार पर्यावरण मित्र नियमित, संविदा, मोहल्ला स्वच्छता समिति में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि जीवन बीमा की विशेषता यह है कि इसमें मृत्यु किसी भी कारण से होने पर जीवन बीमा का लाभ अनुमन्य होगा। जीवन बीमा का प्रीमियम पूरी तरह से राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाएगा। इसकी लागत वर्तमान में कार्यरत पर्यावरण मित्रों की संख्या के आधार पर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए प्रतिवर्ष आएगी।

गबन

पौड़ी जिले में पुलिस ने अन्तर्राज्यीय फर्जी कॉपरेटिव सोसाइटी में 189 करोड़ के गबन का मामले का खुलासा किया है। मामले में कॉपरेटिव सोसाइटी पौड़ी के स्टेट हेड समेत पांच आरोपियों को गिफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि उत्तराखंड में 92 करोड़ की धोखाधड़ी करने सहित कॉपरेटिव सोसायटी ने कुल 189 करोड़ का गबन किया गया है। उन्होंने बताया कि द लोनी अरबन मल्टी स्टेट क्रेडिट एण्ड ट्रेफ्ट कोआपरेटिव सोसायटी की शाखा कोटद्वार के यह गबन हुआ है।

गिरफ्तारी

उत्तराखंड एसटीएफ ने 30 करोड़ रुपये ठगी के मामले में फरार मास्टरमाइंड दो सगे भाइयों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर 25 हजार और 10 हजार रुपये इनाम घोषित था। दोनों अभियुक्त तीन वर्ष से फरार थे और विभिन्न राज्यों में पहचान छिपाकर रहते थे।

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त वर्ष 2019 से शेयर मार्केट में अलग–अलग योजनाओं में पैसा लगाकर अत्यधिक मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों ने ठगने के मामले में आरोपित हैं।

बदरी केदार दर्शन

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में पूजा–अर्चना कर देश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। राज्यपाल ने केदारनाथ धाम में कार्य कर रहे श्रमिकों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने बदरीनाथ में मास्टर प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया।